हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार,2 मई 2024

तापमान
अधिकतम 33 .1 डिग्री
न्यूनतम 17 .5 डिग्री

क्रिकेट में भगत हाउस ने जमाया कब्जा 12



कला संकाय में मनदीप कौर ने किया शानदार प्रदर्शन 12



## खबर संक्षेप

### भांजे का हत्यारोपी मामा गिरफ्तार



**पानीपत।** थाना हुडा सेक्टर 13/17 पुलिस ने गांव खोतपुरा में मछली फार्म पर कुल्हाड़ी से काटकर मध्य प्रदेश के दमो के रैक्वार निवासी प्रकाश की हत्या करने वाले आरोपी मध्यप्रदेश के हट्टा के गांव लोहारी निवासी प्रीतम को थर्मल के पास से गिरफ्तार किया। वही, रिश्ते में प्रीतम, मृतक प्रकाश का मामा लगता था। इधर, थाना सेक्टर 13/17 कार्यकारी प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुभाष ने बताया कि थाने में गांव खोतपुरा निवासी संदीप पुत्र जगदीश की शिकायत पर प्रकाश की हत्या के आरोप में प्रीतम पर केस दर्ज है

### पेट्रोल पंप लूट का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने थाना इसराना क्षेत्र के अंतर्गत गांव गवालड़ा में पेट्रोल पंप पर हथियार के बल पर लूट करने वाले गिरोह के छठे आरोपी विशाल निवासी गांव ढुराना जिला सोनीपत को गिरफ्तार किया। वही, सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि थाना इसराना में रविंद्र पुत्र रणधीर निवासी गांव गवालड़ा की शिकायत पर केस दर्ज है।

### 20 साल से फरार नशा तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** थाना किला पुलिस ने नशा तस्करी के मामले में भगौडे आरोपी कन्हैया लाल निवासी सरसाई कुल्लू हिमाचल प्रदेश को गिरफ्तार किया है। थाना किला प्रभारी सब इंस्पेक्टर महाबीर सिंह ने बताया कि थाना शहर पुलिस ने 5 अक्तूबर 1997 को कन्हैया को चरस के साथ पकड़ा था। आरोपी के खिलाफ थाना शहर में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया। वहीं कन्हैया न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया था। कन्हैया को कोर्ट से जमानत मिल गई इसके बाद आरोपी फरार हो गया। इधर, कोर्ट ने कन्हैया को 23 अक्तूबर 2003 को भगौडा घोषित कर दिया था।

### पानीपत में वालीबॉल खेल अकादमी बनाई

**पानीपत।** खेल विभाग, हरियाणा द्वारा जिला पानीपत में वालीबाल खेल को बढ़ावा देने के लिए आवासीय वालीबाल खेल अकादमी स्थापित की गई है। जिला खेल अधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि आवासीय वालीबाल खेल अकादमी में 25 लड़कियो का चयन ट्रायल 7 मई को शिवाजी स्टेडियम में लिया जाएगा तथा चयनित 25 खिलाड़ियों को शिवाजी स्टेडियम, पानीपत में रहना होगा तथा खाना 400/- प्रति खिलाड़ी प्रतिदिन की दर से खेल विभाग, हरियाणा द्वारा दिया जाएगा।

# बिगड़े मौसम से किसान व आढ़ती चिंतित गेहूं की लाखों बोरी खुले आसमान के नीचे

## किसानों का आरोप, समय पर नहीं हो रहा भुगतानः आढ़ती बोले, उठान न होने से कमीशन भी लटकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

अनाज मंडी व इसके अधीनस्थ उगाला व सरदारहेडी क्रय केंद्रों पर अब तक लगभग 3.7 लाख क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी है। 2023- 24 की तुलना में यह आवक 20000 क्विंटल अधिक है ।जबकि चालू रबी मौसम में गेहूं की खरीद 15 मई तक निरंतर जारी रहने से यह मात्रा और भी बढ़ने की संभावना है। मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों के चलते चालू रबी मौसम में गेहूं की आवक अचानक बढ़ने से आवक व उठान का अनुपात निरंतर असंतुलित हो गया जिसके चलते विभिन्न एवं अपरिहार्य कारणों से उठान की गति धीमी पड़ गई। लगभग दो लाख बोरी अनाज अभी भी खुले तथा सीमित मात्रा में शैडों के नीचे उठान की प्रतीक्षा में पड़ा है। पश्चिमी विक्षोभ के बार-बार सक्रिय होने के चलते वर्षा व ओलावृष्टि की आशंका किसानों ,आढ़तियों तथा खरीद एजेंसी की परेशानी का सबब बना हुआ है। मंडी में अपर्याप्त व सीमित शैडों तथा निर्माण व मरम्मत कार्य के चलते तिरपालों की संख्या सीमित होने के कारण यह अनाज खुले में पड़ा है। बरसात होने पर अनाज के भीगने तथा नमी में वृद्धि इसके खराब होने की संभावना बनी हुई है।

■ पश्चिमी विक्षोभ के बार-बार सक्रिय होने के चलते वर्षा व ओलावृष्टि की आशंका



मंडी में खुले आसमान के नीचे पड़ी गेहूं की बोरियां।


अब तक गेहूं की 3.60 लाख क्विंटल आवक हो चुकी है। इसमें से मात्र 2. 50 लाख क्विंटल अनाज का ही उठान संभव हो सका है। विभिन्न व अपरिहार्य के कारणों के चलते लगभग 1 लाख क्विंटल अर्थात 2 लाख गेहूं की बोरियां अभी भी उठान के इंतजार में मंडी में खुले में पड़ी है। सरकारी नियमों अनुसार जब तक एजेंसी के गोदाम तक अनाज नहीं पहुंचता तब तक किसानों का भुगतान में भी अनावश्यक विलंब हो रहा है। किसान मेहर सिंह, जय सिंह, तरसेम, केवल राम, कैलाश आदि का कहना है कि गत कई दिनों से वह अपनी उपज के भुगतान का इंतजार कर रहे हैं। सरकार की घोषणा के अनुसार उन्हें 48 से 72 घंटे में भुगतान मिलना सुनिश्चित घोषित किया गया। परंतु कई सप्ताह के पश्चात भी अभी भी अनिश्चय की स्थिति बनी हुई है। कृषकों को अगली फसल के लिए खेत की तैयारी, बीज, खाद, पानी व कीटनाशक के प्रबंधन में विलंब व अनिश्चितता का सामना करना

### कमीशन का भुगतान करने का अनुरोध किया

उधर आढ़ती संघ के सचिव प्रिंस वधवा ने सरकार द्वारा आढ़तियों की ढाई प्रतिशत कमीशन से मुकरने का आरोप लगाते हुए खरीद के साथ अथवा कृषकों के भुगतान व फसल मौसम की समाप्ति के तुरंत पश्चात कमीशन का भुगतान करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा पूर्व में भी कमीशन कई कई माह के पश्चात व बार-बार अनुरोध करने पर किया जाता है, जो आढ़तियों के साथ सरासर अन्याय है। अतः सरकार को खरीद अथवा मौसम समाप्ति के तुरंत पश्चात कमीशन के भुगतान को सुनिश्चित बनाना चाहिए ।



# यमुनानगर में सूने घर से नकदी व आभूषण चोरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर की थापर कॉलोनी में चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर 30 हजार रुपये की नकदी समेत लाखों रुपये के सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। घटना के समय परिवार के सभी सदस्य घर का ताला तलाकर गोरखपुर शादी में गए थे। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थापर कॉलोनी निवासी शिवम शुक्ला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गोरखपुर में उसके ताऊ के लड़के की शादी थी। 20 अप्रैल को वह अपनी मां व बहन के साथ शादी समारोह में भाग लेने के लिए गया था। 22 अप्रैल को उसका भाई व भाभी भी घर का ताला लगाकर शादी समारोह में भाग लेने के लिए गोरखपुर आ गए। जब वह आज सुबह तीन बजे गोरखपुर से वापस घर लौटे तो उनके घर में तीन कमरों का ताला टूटा हुआ था और सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर से सात चांदी के सिक्के, एक जोड़ी टोपस, सोने की अंगूठी, राम दरबार चांदी की मूर्ति, दो जोड़ी पायल, आठ नाक के कोके, चांदी के बर्तन, सोने की चेन व 30 हजार रुपये गायब मिले। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी।

पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# गर्मी के मौसम में नहर में नहाने वाले सावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गर्मी का मौसम शुरू होते ही युवाओं में नहर में नहाने का क्रेज बढ़ जाता है। गर्मी के मौसम में नहरों में नहाने के दौरान हादसे रोकने के लिए पुलिस विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया गया है। नहरों के आस-पास नहाने वालों को चेतावनी दी जा रही है कि नहर में नहाने वालों के खिलाफ कानूनी कारवाई की जाएगी। इस सम्बन्ध में नहर के किनारे चेतावनी बोर्ड लगाये गये हैं तथा आस-पास के गांव के लोगों की सहायता के लिए आमजन का भी सहयोग लिया जा रहा हैं। पंचायतों से आग्रह किया जा रहा है कि गांव में मुनियादी करवाएं कि नहर में नहाना वर्जित है और पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

■ नहर में नहाने वालों के खिलाफ कानूनी कारवाई की जाएगी

पुलिस द्वारा एक मुहिम के तहत आमजन को जागरुक किया जा रहा है कि नहरों में डूबने से कई घरों के चिराग बुझ चुके हैं। किसी का घर बर्बाद न हो इसलिए पुलिस द्वारा यह जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह भोरिया के आदेशानुसार थाना झांसा प्रभारी उप निरीक्षक प्रदीप कुमार, थाना केयूके पुलिस प्रभारी व पुलिस चौंकी ज्योतिसर प्रभारी उप निरीक्षक प्रिंस की टीम ने एरिया से गुजरने वाली नहरों के मुख्य स्थानों पर चेतावनी बोर्ड लगवाये गए हैं।

### बाइक सवार ने व्यक्ति से छीना मोबाइल

**यमुनानगर।** गांव दुसानी में खेतों में जा रहे संजीव भारद्वाज से बाइक सवार तीन युवकों ने मोबाइल छीन लिया। जानकारी के अनुसार संजीव भारद्वाज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 29 अप्रैल को शाम पौने सात बजे खेतों में जा रहा था। इस दौरान उसके मोबाइल पर किसी का फोन आया तो वह मोबाइल निकालकर सुनने लगा। इस दौरान पीछे से बाइक पर सवार होकर तीन युवक आए।

आरोपियों ने आते ही उसके साथ से मोबाइल छीन लिया और मौके से भाग गए। उसने आरोपियों का पीछा कर उन्हें पकड़ने का प्रयास किया लेकिन आरोपी भागने में कामयाब हो गए। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# सीएम फ्लाइंग का छापा, 78 खाली गैस सिलेंडर बरामद

## गाड़ी में अवैध रूप से ले जा रहे थे खाली गैस सिलेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की टीम ने गांव गोलनपुर बस अड्डे के पास छापामारी कर गाड़ी में अवैध रूप से ले जाए जा रहे 78 खाली गैस सिलेंडर बरामद किए हैं। बताया जा रहा है कि यह खाली गैस सिलेंडर शिव भोले नाथ मुगलवाला गैस एजेंसी के है। इन गैस सिलेंडरों को अवैध रूप से भरवाने के बाद ब्लैक में बेचने के लिए लाए गए थे। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

■ गैस सिलेंडरों को अवैध रूप से भरवाने के बाद ब्लैक में बेचने के लिए लाए गए थे



जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की टीम को देर शाम सूचना मिली थी कि गांव गोलनपुर बस अड्डे के पास अवैध रूप से गाड़ी में खाली गैस सिलेंडर रखे हुए हैं। सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की टीम में तैनात उप निरीक्षक सुखविंद्र सिंह ने उप निरीक्षण बलवंत सिंह व सुखविंद्र सिंह के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने वहां पर गाड़ी से 78 खाली गैस सिलेंडर बरामद हुए। जब टीम ने गाड़ी चालक से खाली गैस सिलेंडरों के दस्तावेज मांगे तो वह कोई भी दस्तावेज नहीं दिखा पाया। चालक ने बताया कि वह शिव भोले नाथ मुगलवाली गैस एजेंसी का मालिक शुभम है। वह इस गैस सिलेंडरों को रादौरा एजेंसी पर बदलवाने के लिए लेकर आया है। इस पर विभाग की टीम ने रादौर स्थित गैस एजेंसी पर बात की तो बताया गया कि उसके यहां कोई भी गैस सिलेंडर को नहीं बदला जाना है। जिस पर गाड़ी चालक कोई जवाब नहीं दे पाया।

### पुलिस कर रही मामले की जांच

अधिकारियों द्वारा बताया गया कि इन गैस सिलेंडरों को अवैध रूप से भरवाने के बाद ब्लैक में बेचने के लिए ले जाया जाता। टीम ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी।

# जन संघर्ष मंच हरियाणा ने मनाया मजदूर दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर निर्माणकार्य मजदूर-मिस्त्री यूनियन व जन संघर्ष मंच हरियाणा ने संयुक्त रूप से कुरुक्षेत्र के स्थानीय लेबर चौकों पर मजदूर सभाएं की व मई दिवस के शहीदों के सम्मान में नारे लगाते हुए कुरुक्षेत्र शहर के पुराना बाजार से बाइक रैली निकाली। कार्यक्रम की अध्यक्षता निर्माण कार्य मजदूर मिस्त्री यूनियन के राज्य प्रधान कॉड्र करनैल सिंह जी ने की। मजदूरों को संबोधित करते हुए कामरेड करनैल सिंह ने कहा कि अंतराष्ट्रीय मजदूर आंदोलन में मई दिवस का एक विशेष स्थान है। उन्होंने शिकागो के शहीदों को याद करते हुए कहा कि मजदूर वर्ग बहुत ही संकट के दौर से गुजर रहा है। हर तरफ महंगाई, बेरोजगारी, भुखमरी फैली हुई है।

■ शहीदों के सम्मान में नारे लगाते हुए बाइक रैली निकाली



गरीबी भुखमरी और बेरोजगारी से तंग आकर मजदूर हर रोज आत्महत्या कर रहे हैं। जन संघर्ष मंच हरियाणा की महासचिव सुदेश कुमारी ने कहा कि मजदूरों, गरीब, बेसहारा महिलाओं व वृद्ध लोगों को कोई रोजगार नहीं मिलता है, दूसरी तरफ सरकार जीवनोपयोगी चीजों पर लगातार जीएसटी लगाकर, रसोई गैस डीजल पेट्रोल महंगा करके आम जनता का जीवन नरक बना रही है।

जनसभा को चंद्ररेखा, चांदीराम व जयप्रकाश ने भी सम्बोधित किया। जनसभा में निर्माणकार्य मजदूर मिस्त्री यूनियन व जनसंघर्ष मंच हरियाणा के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।




# देश के विकास की नींव हैं श्रमिकः डॉ तोमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

दयाल सिंह पब्लिक स्कूल के प्रांगण में श्रमिक दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ.विनीता कुमार तोमर ने किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने चालक-परिचालक एवं अन्य सहायक कर्मियों को बैज व बधाई पत्र देकर सम्मानित किया। विद्यालय के सभी सहायक कर्मियों को जलपान करवाया गया। कक्षा नर्सरी से दूसरी तक के विद्यार्थियों ने डॉक्टर, अध्यापक, वकील, किसान, इंजीनियर, पायलट आदि की विभिन्न वेशभूषा में सहकर्मियों को सम्मानित किया। कक्षा तीसरी से आठवीं तक छात्रों ने हस्तनिर्मित धन्यवाद कार्ड द्वारा उनकी कृतिज्ञा के भाव को प्रकट किया।

सफलता

## मंजू गुप्ता को कैथल पॉवरलिफ्टिंग का सचिव नियुक्त किया गया

# शिक्षिका मंजू गुप्ता ने पावर लिफ्टिंग में जीता गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा पॉवरलिफ्टिंग एसोसिएशन की ओर से सोनीपत में तीन दिवसीय पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप आयोजित की गई। जिसमें मंजू गुप्ता ने मास्टर केटेगरी 84 किलो भार में गोल्ड मेडल जीता। जिसमें प्रदेश भर के खिलाडियों ने भाग लिया। इस चैंपियनशिप में करनाल की बेटी मंजू गुप्ता ने अपनी कैटेगरी में गोल्ड मेडल हासिल कर करनाल के साथ-साथ कैथल का नाम रोशन किया है। वहीं मंजू गुप्ता की इस उपलब्धि पर उन्हें कैथल पॉवरलिफ्टिंग का सचिव नियुक्त किया गया। मंजू गुप्ता ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, कोच भारत कुमार के साथ-साथ अपने पति विकास गर्ग व सास-ससुर को दिया। मंजू गुप्ता कैथल के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल जखोली अड्डा में अंग्रेजी की अध्यापिका है। अध्यापिका होने के साथ-साथ उन्होंने खेलों में भी अपनी रूचि जारी रखी। मंजू गुप्ता ने बताया कि स्कूल समय से ही उनकी खेलों में रूचि थी। वह 1999 में भी स्टेट लेवल पर वॉलीबॉल की खिलाड़ी रही है।

■ अध्यापिका होने के साथ-साथ उन्होंने खेलों में भी अपनी रूचि जारी रखी




हरियाणा पॉवरलिफ्टिंग एसोसिएशन के सदस्य करनाल की बेटी मंजू गुप्ता को पुरस्कार देते। फोटो : हरिभूमि

इतना ही नहीं स्कूल में बच्चों को पढ़ाने के बाद वह शाम के समय निरंतर प्रैक्टिस करती रहती है और अन्य महिलाओं को भी खेलों के प्रति जागरूक करती रहती है। मंजू गुप्ता का कहना है कि पॉवरलिफ्टिंग को लेकर कुछ लोगों की सोच है कि केवल नॉन वेज का सेवन करके ही पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में अव्वल आ सकता है जबकि ऐसा कुछ नहीं हैं।

### बेटी की उपलब्धि पर गर्व

मंजू गुप्ता के पिता जय नारायण गोयल का कहना है कि उन्हें अपनी बेटी पर नाज है। मंजू का बचपन से ही शिक्षा के साथ-साथ खेलों में रुझान रहा है। मंजू गुप्ता के पिता जय नारायण ने बेटी और बेटे में कोई फर्क नहीं समझा बल्कि बेटी को आगे बढ़ाने में उनकी हमेशा हर जरूरत को पूरा किया। समाज को संदेश देते हुए कहा कि हर मां-बाप को अपनी बेटी को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाना चाहिए। जिस क्षेत्र में भी वह आगे बढ़ना चाहती है उसे पूरा करने में उसकी हर संभव मदद करनी चाहिए।

### कराटे में भी माहिर है मंजू

पावर लिफ्टिंग में गोल्ड मेडल हासिल कर चुकी मंजू गुप्ता वॉलीबॉल की खिलाड़ी के साथ-साथ कराटे में भी माहिर है। मंजू गुप्ता का कहना है कि हर कठिन परिस्थितियों में मुकाबला करने के लिए वह स्वयं आत्मनिर्भर है। वह अन्य महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनने के साथ-साथ आत्मरक्षा के लिए भी निपुण हों इसके लिए वह उन्हें जागरूक करती रहती है।

# क्रिप्टो करेंसी में निवेश कर मोटी कमाई का लालच देकर रिटायर्ड सूबेदार से 21 लाख रुपये की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सेना से रिटायर्ड सूबेदार मेजर को क्रिप्टो करंसी में निवेश करके मोटे पैसे कमाने का लालच देकर 21 लाख ठग लिए गए। रकम वापस नहीं आई तो रिटायर्ड सूबेदार को ठगी का पता चला। पुलिस ने सूबेदार की शिकायत पर ठगी का केस दर्ज किया है। अंबाला छावनी की शिवम कॉलोनी के रहने वाले रिटायर्ड सूबेदार मेजर मनोज कुमार ने बताया कि तृषा राव नाम की महिला ने उसे पैसे कमाने का लालच देकर क्रिप्टोकरेंसी के नाम पर लगभग 21 लाख रुपए ठग लिए। आरोपी महिला ने उनसे 18 सितंबर से 6 दिसंबर 2023 तक अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर कराए थे। सूबेदार ने बताया कि महिला ने एक लिंक बनाकर लालच दिया। उसे कहा गया कि आप इस लिंक पर जाकर पैसे लगाओ, मैं आपको ज्यादा पैसे कमाकर दूंगी। शिकायतकर्ता ने बताया कि जब उसने रकम लगाई तो उसके खाते में एक करोड़ रुपए से अधिक की राशि दिखाई देने लगी। महिला उससे टैक्स भरने के नाम पर पैसा मांगने लगी। उसने कहा कि मेरे खाते से टैक्स काटकर वापस मुझे दे दो। महिला ने उसे कहा कि नहीं यह टैक्स अलग से भरना होगा। सूबेदार ने बताया कि उसने बैंक से लोन लेने के बाद यह पैसे भरा था। जब महिला से पैसे वापस मांगे तो बोली कि ठीक है एक-दो दिन में आपके अकाउंट मे ट्रांसफर कर देंगे लेकिन महिला ने काफी इंतजार करने बाद भी पैसा ट्रांसफर नहीं किया। उसने बताया कि बाद में उससे जुर्माना भरने के नाम पर 5 लाख रुपए मांगने लगे। जब उसने पैसे नहीं दिए तो उसका खाता फ्रीज कर दिया। आरोपियों ने उसका नंबर भी ब्लॉक कर दिया। पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

■ रकम वापस नहीं आई तो रिटायर्ड सूबेदार को ठगी का पता चला



## खबर संक्षेप

### कर्मचारी भी डाल सकेंगे वोट

**पानीपत।** आवश्यक सेवाओं से जुड़े विभिन्न सरकारी विभागों के कर्मचारी और चुनावी ड्यूटी में लगे अधिकारी व कर्मचारी भी इस बार डाक मतपत्र (पोस्टल बैलेट)के जरिये वोट डाल सकेंगे। इसके लिये उन्हें फार्म 12 भरना होगा। पोस्टल बैलेट को लेकर उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने बुधवार को जिला सचिवालय के सभागार में बैठक लेते हुए बताया कि फार्म 12 जिला चुनाव कार्यालय की ओर से उपलब्ध कराया जायेगा।

### मतदान को मिलेगी पेड होली डे

**पानीपत।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि राज्य सरकार ने 18वीं लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर पड़ोसी राज्यों के मतदाता जो राज्य सरकार के अधीनस्थ विभागों के कार्यालयों, बोर्ड, कॉर्पोरेशन और शिक्षण संस्थानों में कार्यरत है, को वोट डालने के लिए पेड होलीडे देने की घोषणा की है। मुख्य सचिव कार्यालय की ओर से जारी की गई अधिसूचना के अनुसार पड़ोसी राज्यों के मूल निवासी जो हरियाणा सरकार के कार्यालयों, बोर्डों, निगमों के अलावा शैक्षणिक संस्थान, विभिन्न कारखाने, दुकानें, वाणिज्यिक और निजी प्रतिष्ठानों में काम करते हैं और उनका वोट अपने राज्य में बना हुआ है, ऐसे कर्मचारियों के लिए उन तिथियों को पेड होली डे के रूप में नामित किया गया है।

### वृद्धों को भरना होगा फार्म 12-डी

**पानीपत।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेंद्र दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि 40 प्रतिशत दिव्यांग व्यक्ति व 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग को घर से मतदान करने के लिए फार्म-12 डी भरकर अपनी सहमति देते हुए अधिसूचना जारी होने के पांच दिन के भीतर रिटर्निंग अधिकारी को आवेदन करना होगा। ऐसे में कोई भी उपरोक्त व्यक्ति मतदान से अछूता ना रहे इसके लिए सभी बीएलओ को घर घर जाकर फार्म 12-डी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### मंडियों में 2.83 लाख एमटी गेहूं की आवक

**पानीपत।** रबी फसल खरीद अभियान 2024 के तहत जिला की विभिन्न मण्डियों में गेहूं की आवक दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। अब तक जिला में स्थापित किए गए 12 खरीद केन्द्रों व मण्डियों में 288998 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है तथा विभिन्न सरकारी एजेंसियों द्वारा 286486 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। डीएफएससी द्वारा 36436 मीट्रिक टन गेहूं, हैफेड द्वारा 112735 मीट्रिक टन गेहूं, एचडब्ल्यूसी द्वारा 105517 मीट्रिक टन गेहूं, एफसीआई द्वारा 4671 का उठान किया जा चुका है।

### मेधावी छात्राएं सम्मानित

**पानीपत।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा कक्षा बारहवीं के परीक्षा परिणाम घोषणा उपरांत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बड़ौली में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में अर्थशास्त्र प्राध्यापिका मधु बाला एवं वाणिज्य प्राध्यापिका शर्मिला देवी ने 2100 रूपए प्रथम स्थान पर आने वाली छात्रा निशा, 2100 द्वितीय स्थान पर आनी वाली छात्रा प्रीति और 1100 रूपए तृतीय सत्यवान को पुरस्कृत किया गया।

---

### नेशनल पब्लिक स्कूल यमुनानगर में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

# मजदूर समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा इनके बिना देश का विकास संभव नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

नैशनल पब्लिक स्कूल यमुनानगर में बुधवार को मजदूर दिवस बहुत ही आकर्षक ढंग से मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने हमें सहयोग करने वाले हेल्परों के योगदान पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने विभिन्न प्रकार के व्यंजन भी बनाए। इन सभी व्यंजनों को विद्यालय में कार्यरत हेल्पर, ड्राइवर, कंडक्टर, गेटकीपर, माली आदि को स्वाद चखाया गया और मौके पर उन्हें सम्मानित भी किया। कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा दूसरी तक के छात्रों ने सैंडविच, शेक, भेल पूरी, पूरी, फ्रूट चार्ट, दाल मोठ आदि बनाकर सभी को आनंदित किया। मौके पर बच्चों ने नाटक, गायन, नृत्य व कविता पाठ भी प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य डॉ.सिंह ने कहा कि मजदूर दिवस हमें मजदूरों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि मजदूर समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और इनके बिना देश का विकास संभव नहीं है। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में सदैव कर्मठ रहें और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करें।





**यमुनानगर।** नैशनल पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा बनाए गए व्यंजन तथा यमुनानगर के स्वराज शिशु निकेतन स्कूल रादौर में मजदूर दिवस मनाते बच्चे व स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

#### श्रमिकों की वेशभूषा में बच्चों ने मनाया श्रमिक दिवस

- सभी सहयोगी कर्मियों को दिए धन्यवाद

**रादौर।** स्वराज शिशु निकेतन स्कूल में बुधवार को मजदूर दिवस मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने श्रमिकों की वेशभूषा में पहुंचकर बहुत ही सुंदर प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने सुरक्षा गार्ड, यातायात कर्मी, मजदूर, मिस्त्री, माली, सफाई कर्मचारी, मेहरी, चौकीदार आदि के कायार्ें के बारे में बताते हुए कहा कि इनके सहयोग के बिना हमारा जीवन नहीं चल सकता। छात्रों ने विद्यालय के माली, आया, सफाई कर्मचारी, सिक्योरिटी गार्ड से केक कटवाया व उन्हें धन्यवाद के कार्ड भी प्रदान किए। स्कूल की मुख्याध्यापिका रेनू शांडिल्य ने कहा कि कोई काम छोटा या बड़ा नहीं होता। हमें काम को पूजा के समान ही करना चाहिए। हमें श्रमिकों को भी पूरा मान सम्मान देना चाहिए क्योंकि वो कठोर श्रम करके हमारा जीवन सरल बनाते हैं। उन्होंने सभी सहयोगी कर्मियों की प्रशंसा की व उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए धन्यवाद भी दिया।

---



**यमुनानगर।** होली मदर पब्लिक स्कूल में सहायक कर्मियों को थैंक्स कार्ड भेंट करते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

# होली मदर पब्लिक स्कूल में मनाया गया ग्रेटीट्यूड डे

### बच्चों को कार्यक्रम के लिए प्रेरित किया

- बच्चों ने स्कूल के चपरासी, माली, कंडक्टर, ड्राइवर व स्वीपर को बांटे थैंक्स कार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

होली मदर पब्लिक स्कूल में लेबर डे के उपलक्ष्य में स्कूल के सहायक कर्मियों के लिए छठी से से 8वीं तक के विद्यार्थियों ने ग्रेटीट्यूड डे मनाया। बच्चों ने थैंक्स नोट तथा थैंक्स कार्ड स्कूल के चपरासी, माली, कंडक्टर, ड्राइवर, स्वीपर अथवा सभी सहायक कर्मियों को आभार स्वरूप दिए। जिससे स्कूल में आज सभी सहायक कर्मियों में खुशी की लहर थी। बच्चों के इस ग्रेटीट्यूड को सभी कर्मियों ने बहुत सराहा। स्कूल की प्रधानाचार्या मोनिका कश्यप ने कहा कि इस ग्रेटीट्यूड डे को मनाने का श्रेय स्कूल की स्कूल की सामाजिक विज्ञान की अध्यापिका जसविंद्र कौर को जाता है। उन्होंने बच्चों को इस कार्यक्रम के लिए प्रेरित किया। अध्यापिका की इस पहल को स्कूल की मैनेजमैंट कमेटी ने भी बहुत सराहा और कहा कि हमे सहायक कर्मियों के योगदान को कभी नजर अंदाज नहीं करना चाहिए। वह भी स्कूल में बच्चों की सुरक्षा के लिए उत्तरदायी होते हैं। इसलिए वे भी बराबर सम्मान के हकदार हैं। इस कार्यक्रम में अन्य अध्यापक साहिल, भानू, नवीन, रजनी, निशा ने भी योगदान दिया।

---

# एमएलएन स्कूल रादौर के 59 विद्यार्थियों ने हासिल की मेरिट श्रेणी

- शगुन ने पहला व तृषा ने हासिल किया दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

मुकंदलाल नेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल रादौर के 59 विद्यार्थियों ने 12वीं कक्षा के परिणामों में मेरिट श्रेणी हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल के मैनेजर ज्ञानप्रकाश शर्मा व प्रधानाचार्य प्रमोद ग्रोवर ने बताया कि कला, वाणिज्य और विज्ञान संकाय के कुल 160 बच्चों ने 12वीं की परीक्षा दी थी। इनमें से शगुन ने प्रथम व तृषा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने सभी मेधावी बच्चों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। मैनेजर ज्ञानप्रकाश शर्मा ने कहा कि 12वीं की परीक्षा में स्कूल के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया है। जिससे स्कूल व उनके माता पिता का नाम रोशन हुआ है। इस अवसर पर विल्सन कुमार व शिल्पी गुप्ता आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** मुकंदलाल स्कूल रादौर में परीक्षा परिणाम आने पर अपने अध्यापकों के साथ मेधावी छात्र। फोटो : हरिभूमि

---

# जिले की मंडियों में 254100 मीट्रिक टन गेहूं की हुई आवक

- खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 90237 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 137799 मीट्रिक टन व हरियाणा वेयर हाऊस कॉपार्रेशन द्वारा 26064 मीट्रिक टन की गई गेहूं की खरीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



जिला की सभी अनाज मंडियों में गेहूं की आवक जोरों पर है। जिले की 13 अनाज मंडियों में अभी तक कुल 254100 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई। जिसमें से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 90237 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 137799 मीट्रिक टन व हरियाणा वेयर हाउस कॉपार्रेशन द्वारा 26064 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। जिला उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि चालू रबी सीजन में अभी तक जिला की बिलासपुर अनाज मंडी में 26648 मीट्रिक टन गेहूं, छछरौली मंडी में 28603 मीट्रिक टन गेहूं, गुमथला राव मंडी में 6706 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है। इसके साथ ही जगाधरी मंडी में 37601 मीट्रिक टन गेहूं, जठलाना मंडी में 4775 मीट्रिक टन गेहूं, खारवन मंडी में 4338 मीट्रिक टन गेहूं, प्रताप नगर मंडी में 35096 मीट्रिक टन गेहूं, सरस्वती नगर में 37250 मीट्रिक टन गेहूं, रादौर में 40130 मीट्रिक टन गेहूं बिकने के लिए पहुंची है। इसके साथ ही रणजीतपुर में 10114 मीट्रिक टन गेहूं, रसूलपुर मंडी में 7715 मीट्रिक टन गेहूं, सढौरा मंडी में 14866 मीट्रिक टन गेहूं, यमुनानगर मंडी में 258 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई। जिसकी खरीद विभिन्न सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा की जा चुकी है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि अनाज मंडियों में पेयजल व्यवस्था, सफाई व शौचालय व्यवस्था, बिजली व्यवस्था आदि सुविधाओं का विशेष ध्यान रखें ताकि किसानों को अपनी गेहूं की उपज को बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत न आएं। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि मंडियों में सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हों ताकि गेहूं खरीद से जुड़े आढ़तियों, मंडियों में मजदूरों व किसानों को सभी सुविधाएं मिलें।

---

# रंजिश के चलते युवक पर हथियारों से किया हमला

### पुलिस ने आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ किया केस दर्ज

- घायल युवक का इलाज अस्पताल में चल रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

गांव कमालपुर में रंजिश के चलते आधा दर्जन लोगों ने एक युवक पर तेजधार हथियारों से हमला कर घायल कर दिया। घायल युवक का इलाज अस्पताल में चल रहा है।

पुलिस ने मामले की जांच के बाद आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव कमालपुर निवासी दलीप सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका पड़ोसी वेद प्रकाश उससे 2012 से रंजिश रखता है। रंजिश के चलते वेद प्रकाश ने उस पर जानलेवा हमला किया था। उस समय आरोपी पर धारा 308 के तहत केस दर्ज हुआ था। मगर गांव में हुई पंचायत में आरोपी ने अपनी गलती मान ली थी और उसने केस वापस ले लिया था। मगर इसके बाद से भी आरोपी उससे व उसके परिवार से रंजिश रखे हुआ था। दलीप सिंह ने बताया कि 25 अप्रैल को उसका भतीजा उदम ट्रैक्टर लेकर खेतों में जा रहा था।

इस दौरान आरोपी वेद प्रकाश ने अपने परिवार के सदस्यों अंकित, जय प्रकाश, गोपाल, वंश व मोनु ने उदम को गली मे पकड लिया और उस पर तेजधार हथियारों से हमला कर दिया। इस दौरान आरोपियों ने उनका ट्रैक्टर भी तोड़ दिया। मारपीट की आवाज सुनकर जब अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उसके भतीजे को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। उसने अपने भतीजे को अस्पताल में भर्ती करवाया और मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

---

# मकान बनाने के लिए अलमारी में रखे 50 लाख रुपये चोरी

- घर में काम करने वाले नौकरानी पर पैसे चुराने का आरोप
- पुलिस ने मामला दर्ज कर की जांच शुरू

**यमुनानगर।** शहर की मॉडल कॉलोनी में मकान बनाने के लिए अलमारी में रखे 50 लाख रुपये चोरी हो गए। चोरी का आरोप घर में काम करने वाली नौकरानी पर लगा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार मॉडल कॉलोनी निवासी मुनीष जग्गी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने दिसंबर 2023 में छोटी लाइन स्थित अपना रिहायशी मकान 50 लाख रुपये में बेचा था। उसने वह पैसे अपने मॉडल कॉलोनी स्थित कमरे की अलमारी में रख दिए थे। इसके बाद वह अपने काम के सिलसिले में कनाड़ा चला गया। गत 15 मार्च को उसकी मां को चोट लग गई। जिसके बाद वह 17 मार्च को वापस इंडिया आ गया और अपनी मां के इलाज में व्यस्त हो गया। जब वह आज पैसों को बैंक में जमा करवाने के लिए लेकर जाने लगा तो वहां से उसे 50 लाख रुपये गायब मिले। जांच करने पर बैग में कपड़े भरे हुए थे। मुनीष ने बताया कि उनके घर पर काम करने के लिए सुमन को रखा हुआ है। उसके साथ उसकी मां भी काम करने के लिए आती थी। उसने आरोप लगाया कि सुमन ने उसकी अलमारी से पैसे चोरी किए है। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने सुमन के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

---

# बादल पे पांव है की शूटिंग शुरू

**पानीपत।** सोनी सब का बहुप्रतीक्षित शो बादल पे पांव है की शूटिंग शुरू हो गई है। प्रतिभाशाली जोड़ी, सरगुन मेहता और रवि दुबे द्वारा निर्मित, यह सीरीज एक दृढ़निश्चयी लड़की की कहानी है, जिसमें अमनदीप सिद्धू ने बानी की भूमिका निभाई है, जो खुद को और अपने माता-पिता को बेहतर जीवन देना चाहती है और उसके सपने उसकी ज़िंदगी में आने वाली मुश्किलों से बढ़कर है। जबकि टीम ने आज अपना सफर शुरू कर दिया है, शो की निर्माता सरगुन ने उस पर अपना उत्साह साझा किया।बादल पे पांव है में बानी की भूमिका निभाने वाली, अमनदीप सिद्धू पानीपत प्रवास के दौरान बताती है कि मैं बादल पे पांव है की शूटिंग शुरू करने के लिए बेहद रोमांचित हूं। की



---

# छात्रों को आयुष्मान योजनाओं की दी जानकारी

- ग्लोबल रिसर्च गुरप ऑफ इंस्ट्रीट्यूशन में आयुष्मान भारत दिवस के अवसर पर हुआ एक्सपर्ट लेक्चर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

ग्लोबल रिसर्च गुरप ऑफ इंस्ट्रीट्यूशन नाचरौंन रादौर में आयुष्मान भारत दिवस के अवसर पर एक्सपर्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यवक्ता के रूप में पीडीपी डिपार्टमेंट से दीपक शर्मा उपस्थित हुए। मुख्यवक्ता ने छात्रों को आयुष्मान योजनाओं के विषय में जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत दिवस प्रतिवर्ष 30 अप्रैल को मनाया जाता है। आयुष्मान भारत देश की स्वास्थ्य क्षेत्र की सबसे व्यापक योजना है। यह योजना केंद्रीय वित्त बजट 2018 में शुरू की गई थीर। जिसके दो मुख्य स्तंभ थे।

पहला देश में एक लाख हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स स्थापित करना तथा दूसरा 10 करोड़ परिवारों को पांच लाख रूपये प्रतिवर्ष के स्वास्थ्य बीमा कवच से जोड़ना। जो कि भारतीय आबादी का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा हैं। आयुष्मान भारत योजना में समाज के कमजोर वर्ग के लगभग 10 करोड़ परिवारों को सालाना पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा लाभ दिया जाता है। उन्होंने छात्रों को आयुष्मान कार्ड बनवाने की संपूर्ण प्रक्रिया को भी विस्तार से समझाया।




**यमुनानगर।** ग्लोबल रिसर्च गुरप ऑफ इंस्ट्रीट्यूशन नाचरौंन में आयोजित एक्सटेंशन लेक्चर में छात्रों को संबोधित करते मुख्यवक्ता। फोटो : हरिभूमि

---

**सुविधा** | दमकल, हेल्थ, मीडिया, रेलवे आदि कर्मचारियों को मिलेगी सुविधा

फार्म 12 डी भरकर अलग से मतदान करने की सुविधा ले सकते

# आवश्यक सेवाओं से जुड़े कर्मचारी पोस्टल बैलेट से कर सकेंगे मतदानः जिला निर्वाचन अधिकारी

- एक भी मतदाता वोट डालने के अधिकार से वंचित नहीं रहना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

आवश्यक सेवाओं से जुड़े कर्मचारी लोकसभा चुनाव में पोस्टल बैलेट से मतदान कर सकते हैं। दमकल, हेल्थ, मीडिया, रेलवे आदि कर्मचारियों को इसकी सुविधा मिलेगी। आवश्यक सेवाओं से जुड़े कर्मचारी फार्म 12 डी भरकर अलग से मतदान करने की सुविधा ले सकते हैं। ये फार्म नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के पांच दिन बाद तक जिला चुनाव कार्यालय में जमा करवाए जा सकते हैं।

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 में यह व्यवस्था की गई है कि जो कर्मचारी अपनी ड्यूटी के कारण मतदान बूथ पर उपस्थित नहीं हो सकते। वह फार्म 12 डी भरकर पोस्टल बैलेट से वोट डाल सकते हैं। आयोग के मुताबिक फूड कॉपार्रेशन ऑफ इंडिया एफसीआई, इंडियन रेलवे, प्रेस इन्फोर्मेशन ब्यूरो, बिजली विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, परिवहन विभाग, दमकल विभाग, बीएसएनएल तथा वे मीडियाकर्मी, जिनका राज्य निर्वाचन आयोग ने मतदान की कवरेज के लिए पहचान-पत्र बनाया है, वह पोस्टल बैलेट से वोट डाल सकते हैं। उन्होंने बताया कि फार्म 12 डी भरने वाले कर्मचारियों के लिए 25 मई से पहले एक विशेष मतदान करवाने की व्यवस्था की जाएगी। जहां पोस्टल बैलेट से वोट दिए जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग का प्रयास है कि एक भी मतदाता वोट डालने के अधिकार से वंचित नहीं रहना चाहिए। इसलिए जो कर्मचारी आवश्यक सेवाओं में लगे हुए हैं और वोट डालने के लिए बूथ पर नहीं जा सकते, उनको पोस्टल बैलेट के जरिए मतदान करने की सुविधा दी गई है।



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में जानकारी देते जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार।

---

# बेटियों को शिक्षित कर विकास के अवसर दें अभिभावक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, वीर भवन चौक के परिसर में कन्या प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि भारतीय महिला कल्याण समिति की अध्यक्ष व शिक्षाविद् निर्मल दत्त शर्मा ने जहां शिरकत की, वही बृज रानी शर्मा व प्रबंधक प्रमोद आर्य विशिष्ट अतिथि, वीना भाटिया व उषा गुप्ता ने विशेष अतिथि, कमलेश अरोड़ा व नीतू रानी ने मुख्य वक्ता के रूप में शिकरत की। जबकि समारोह की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधान सुमित्रा आर्य व अतिथियों का स्वागत विद्यालय की प्राचार्य स्वीटी छिकारा ने किया। इधर, हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की कक्षा 12 का परीक्षा में विद्यालय की कुमारी तनिषा 92 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम, हिमांशी 90 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, अंजलि 88 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय रही। मुख्य अतिथि निर्मल दत्त ने मेधावी छात्राओं को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित करते हुए कहा कि निर्मल दत्त ने कहा कि विद्या धन सबसे बड़ा धन होता है। विद्या के बिना मनुष्य का जीवन व्यर्थ हो जाता है।

वही, भारत की आधी आबादी महिलाओं की है, यदि देश को विकसित राष्ट्र बनाना है तो महिलाओं को शत प्रतिशत साक्षर करना होगा। महिलाओं को विकास के अवसर उपलब्ध कराते हुए सामाजिक सम्मान व सुरक्षा देनी होगी। जबकि स्कूल की प्रधान सुमित्रा आर्य ने कहा कि छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ पृथ्वी और पर्यावरण के संरक्षण के लिए भी कार्य करना चाहिए।

## खबर संक्षेप



### दोहरी शिक्षा प्रशिक्षण प्रणाली के अंतर्गत किया एमओयू

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पेहवा में इस सत्र दाखिला 2024 में होने वाले कोपा व्यवसाय (कंप्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट) के लिए श्रीगोविंद गुरु गोविंद सिंह इंस्टिट्यूट, हारट्रोन के साथ एम.ओ.यू. हस्ताक्षरित किया गया। जिसके अंतर्गत इस वर्ष छात्र लेने वाले सभी कोपा व्यवसाय के छात्र व छात्रा एक वर्ष के कोर्स में 3 महीने के लिए हारट्रोन सेंटर पर जाकर प्रैक्टिकल कार्य करेंगे व अपने स्किल को और बढ़ावा देंगे इस मौके पर हेड क्वार्टर से कीर्ति वरिष्ठ प्रबंधक, मोहनलाल शर्मा वर्ग अनुदेशक व सुमित आहूजा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### सेक्टर-8 में श्रीमद्भागवत कथा आज से

**कुरुक्षेत्र।** वैशाख मास के पावन अवसर पर एवं सुख शांति समृद्धि हेतु सेक्टर-8 में श्रीगौ गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के तत्वावधान में एवं समता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील चित्रा द्वारा आयोजित सप्त दिवस श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का आयोजन 2 मई से 9 मई अप्रैल 2024 तक किया जाएगा। उक्त जानकारी समाज सेवी पुरुषोतम शर्मा ने बताया कि विख्यात कथावाचक एवं संस्थापक अध्यक्ष भागवत प्रवक्ता वेदाचार्य अनिल शास्त्री सायं 4:30 बजे से 7:00 बजे तक कथा का रसपान करवाएंगे एवं 2 मई को शाम 4:00 बजे सौभाग्यवती महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली जाएगी।

### निवर्तमान पार्षद पंकज शर्मा कांग्रेस में हुए शामिल

**कुरुक्षेत्र।** बुधवार को भाजपा को उस समय गहरा झटका लगा जब नगर परिषद थानेसर के वार्ड 28 के निवर्तमान पार्षद पंकज शर्मा चोचडा ने अपने समर्थकों सहित भाजपा छोडकर कांग्रेस में शामिल हाने की घोषणा की। कर्ण लेक पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान तथा पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने उन्हे पटका पहनाकर विधिवत रूप से कांग्रेस में शामिल करवाया। कांग्रेस के तीनों नेताओं ने कहा कि पंकज शर्मा के पार्टी में शामिल होने से थानेसर में कांग्रेस ओर अधिक मजबूत हुई है।

### तनुजा काफिले के साथ नामांकन रैली हेतु हुई रवाना

**कुरुक्षेत्र।** थीम पार्क में आयोजित इनेलो प्रत्याशी अभय चौटाला की नामांकन सभा में शामिल होने के लिए इनेलो नेत्री तनुजा काफिले के साथ अपने निवास से रवाना हुई। रवाना होने से पूर्व तनुजा ने कहा कि अभय सिंह चौटाला ही एकमात्र ऐसे नेता है जो किसान, कमेरे, गरीब की आवाज को विधानसभा में उठाते है। कहा कि अभय सिंह चौटाला जुबान के धनी है और भारी मतों से कुरुक्षेत्र से लोकसभा चुनाव जीतेंगे। तनुजा ने कहा कि शहर से लेकर गांव तक इनेलो पार्टी का माहौल बना हुआ है। लोग भाजपा की जनविरोधी नीतियों से तंग है। लोगों ने इनेलो को मत देने का मन बना लिया है।

अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर जिले भर में कार्यक्रमों का किया गया आयोजन, मजदूरों को किया प्रोत्साहित

# मजदूर समाज के आधारभूत ढांचे के मजबूत स्तंभः गाबा



कुरुक्षेत्र। नवयुग स्कूल में विद्यार्थियों को संबोधित करती अध्यापिका।

## नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मजदूर दिवस के अवसर पर विशेष सभा का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर जिला भर में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में मजदूर दिवस के अवसर पर विशेष सभा का आयोजन किया गया जिसमें अध्यापिका मोनिका वर्मा ने बताया कि हर वर्ष 1 मई को मजदूर दिवस के रुप में मनाया जाता है। मजदूर दिवस को लेबर डे श्रमिक दिवस या मई डे के नाम से भी जाना जाता है। श्रमिकों के सम्मान के साथ ही मजदूरों के अधिकारों के लिए आवाज उठाने के उद्देश्य से भी यह दिन मनाते हैं। पहली बार मजदूर दिवस 1889 में मनाने का फैसला लिया गया।किसी भी समाज, देश, संस्था और उद्योग में मजदूरों की अहम भूमिका होती है। दुनियाभर में श्रमिकों के लिए एक दिन समर्पित करने का बड़ा कारण है। मजदूर दिवस मनाने का महत्व विभिन्न देशों में अलग-अलग हो सकता है लेकिन यह एक संदेश देता है कि मजदूरों का योगदान समाज में महत्वपूर्ण है और उन्हें सम्मान व न्याय मिलना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर बी डी गाबा ने कहा कि मजदूर समाज की आधारभूत ढांचे को सुनिश्चित करते हैं। वे श्रम करके उत्पादन का संचालन करते हैं, जिससे सामाजिक और आर्थिक विकास संभव होता है। श्रमिकों का समाज में योगदान न केवल आर्थिक रूप से है, बल्कि उनके अधिकारों और सामाजिक स्थिति के मामले में भी महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा, उप प्रधानाचार्या रिद्धिमा, मुख्याध्यापिका प्रीती मिश्रा, अध्यापिका ऋतु चौधरी, अंजली, कोमल, विभा, रीना, मधु, ममता, स्नेह, गीता,अध्यापक सुनील, जसमेर, ईशांत, शक्ति प्रकाश सहित स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित रहे।



कुरुक्षेत्र। किडजी स्कूल में श्रमिक दिवस मनाते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### किडजी स्कूल में श्रमिक दिवस पर हुआ कार्यक्रम

**कुरुक्षेत्र।** किड्जी, किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल सेक्टर -3 कुरुक्षेत्र में 1 मई को श्रमिक दिवस पर आयोजन किया गया। कक्षा सातवी और आठवीं के मनवीर, साक्षी, जीना, अभिजोत तथा वैशाली द्वारा सहकर्मियों के महत्व को लेकर स्किट प्रस्तुत की गई। सम्मान के रूप में छात्रों द्वारा सहायक कर्मचारियों को आभार कार्ड भी भेंट किए गए। विद्यार्थियों ने मजदूर हूं मैं कविता प्रस्तुत करके कर्मचारियों का उत्साह बढ़ाया। इन गतिविधियों में सभी विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया व स्कूल के सभी विद्यार्थियों तथा शिक्षकों ने सहायक ,ड्राइवर व कर्मचारियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ ने कहा कि सभी को मजदूर वर्ग की मेहनत व समर्पण का सम्मान व सराहना करनी चाहिए। कर्मचारियों के योगदान के बिना विद्यालय एवं छात्रों की उन्नति संभव नहीं है। हर निर्माण कार्य में श्रमिकों की भूमिका अहम होती है। कार्यक्रम में स्कूल की एकेडमिक इंचार्ज मेघा भटला, कोऑर्डिनेटर, शिक्षकगण तथा समस्त स्टाफ शामिल हुआ था।



लाडवा। गौमाता को हरा चार डालते नंबरदार एसोसिएशन के सदस्य।

### मजदूर दिवस पर गऊओं को खिलाया चारा

**लाडवा।** हरियाणा नंबरदार एसोसिएशन तहसील लाडवा जिला कुरुक्षेत्र की बैठक गौशाला लाडवा में संपन्न हुई इस बैठक की अध्यक्षता राजीव नंबरदार ने की। बैठक में विशेष रूप से प्रदेश प्रवक्ता हरप्रीत सिंह चीमा ने संबोधित करते हुए कहा कि नंबरदार अपने कार्य के साथ-साथ सामाजिक कार्य में भी बढ चढ़कर भाग लेते हैं। चीमा ने कहा सारे भारतवर्ष में लोकसभा चुनाव के मध्य नजर आचार संहिता लागू है। सभी नंबरदार आचार संहिता के कानून को लागू करवाने में चुनाव आयोग का भरपूर सहयोग करें जिससे सारे देश में निष्पक्ष चुनाव हो सके सभी नंबरदारों ने हरा चारा एवं गुड डालकर गौ माता की सेवा की गई। गौ माता से बड़ी कोई सेवा नहीं। गौ सेवा करना हमारा कर्तव्य बनता है हमें समय-समय पर ऐसे सामाजिक कार्य करते रहना चाहिए जिससे समाज को एक नई दिशा मिलती है और समाज में बढ़ रही बुराइयों को दूर किया जा सकता है। इस अवसर पर नंबरदार जसवीर सिंह दर्शन, रामस्वरूप, कर्म सिंह, विपिन पाठक माजरा, नायब सिंह, रणबीर खेरी, मोकम सिंह, महावीर आदि रहे।




कुरुक्षेत्र। मजदूर दिवस मनाते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### रोडवेज वर्कर्स यूनियन ने मनाया मजदूर दिवस

**कुरुक्षेत्र।** ऑल हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन रजिस्टर नंबर 1947 कुरुक्षेत्र डिपो में मजदूर दिवस मनाया गया जिसमें शहीद हुए मजदूरों को पुष्पअर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। प्रधान नरेंद्र पांचाल ने अपने संबोधन में कहा मजदूरों का त्योहार मई दिवस आठ घण्टे काम के दिन के लिए मजदूरों के शानदार आन्दोलन से पैदा हुआ। उसके पहले मजदूर चौदह से लेकर सोलह-अठारह घण्टे तक काम करते थे। कई देशों में काम के घण्टों का कोई नियम ही नहीं था। सूरज उगने से लेकर रात होने तक मजदूर कारखानों में काम करते थे। दुनियाभर में अलग-अलग जगह इस माँग को लेकर आन्दोलन होते रहे भारत में भी 1862 में ही मजदूरों ने इस माँग को लेकर कामबन्दी की थी। कहा कि आज के दौर में रोडवेज के अधिकारी कर्मचारियों के साथ वही कार्य कर रही है और उनसे भी लगातार 11-12 घंटे कार्य ले रहे है लोकल मार्गों पर तो चालकों व परिचालकों से 12-13 घंटे के ड्यूटी लेकर उसके बदले में उनका कोई भी और टाइम का भुगतान नहीं किया जाता।

### कर्मचारियों ने मनाया मजदूर दिवस

**कुरुक्षेत्र।** 1 मई को मजदूर दिवस के रूप में जिला स्तर पर मनाया गया। अध्यक्षता ओमप्रकाश जिला प्रधान सर्व कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र व जितेंद्र बंसल रिटायर कर्मचारी संघ जिला प्रधान कुरुक्षेत्र ने की। मंच संचालन संदीप नरवाल जिला सचिव व फकीर चन्द शर्मा ने किया। ओमप्रकाश जिला प्रधान व जितेंद्र बंसल जिला प्रधान रिटायर ने संयुक्त रूप से बताया कि 1 मई का दिन अंतरराष्ट्रीय भाईचारे की अभिव्यक्ति है। 1 मई 1886 को अमेरिका के शिकागो शहर में लाखों मजदूरों ने 8 घंटे काम की मांग को लेकर बड़ी रैली की थी। आगे चलकर इसी आंदोलन में मजदूर नेताओं के खिलाफ झूठे मुकदमे दर्ज कर के 4 नेताओं को फांसी व बहुतों को अन्य सजा दी गई थी। प्रोग्राम में मुख्य रूप से सुरेश गुड्डा, आंनद सिंह, सुरेंद्र यादव, चन्द्र रेखा, सुदेश कुमारी,मान सिंह, ईश्वर सिंह, बलदेव राज,रावल गुप्ता,बीटू रंगा, महेंद्र पाल आदि मौजूद रहे।

# पलक ने प्राप्त किए 96 प्रतिशत अंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित सीनियर सेकेंडरी कक्षा के परीक्षा परिणाम में जय भारती विद्या मंदिर की पलक ग्रोवर 500 में से 480 (96%) अंक आर्ट्स संकाय में प्राप्त किए है। जानवी ने 468 तथा वीरेन ने 457 अंक प्राप्त कर विद्यालय में दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस वर्ष 27 विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा दी थी जिनमें से 14 विद्यार्थी मैरिट में रहे तथा शेष 13 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में पास होने में सफल रहे। बोर्ड परीक्षा में मैरिट प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों का विद्यालय प्रबंधन व गुरुजनों के द्वारा अभिनंदन किया गया। विद्यार्थियों को तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर सभी ने अपनी खुशी व्यक्त की। प्रथम आने वाली पलक तथा द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने स्कूल के अन्य विद्यार्थियों के साथ अपने विचारों को सांझा किया और उन्हें बताया कि किस प्रकार निरंतर मेहनत करने से और गुरुजनों के मार्गदर्शन में शिक्षा प्राप्त कर वे आज इस स्थान तक पहुंचे हैं। प्राचार्या नेहा शर्मा ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की। विद्यालय के निर्देशक ओम गोपाल शर्मा तथा पूर्व प्रधानाचार्या सरला शर्मा ने विद्यार्थियों को जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने हेतु निरंतर मेहनत करने की प्रेरणा दी।



कुरुक्षेत्र। उत्तीर्ण विद्यार्थियों का अभिनंदन करते अध्यापकगण।

# इनेलो उम्मीदवार सहित 7 ने किया नामांकन

- अभय चौटाला के पास कुल चल सम्पति 32 करोड़ 61 लाख 57 हजार 503 रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

बुधवार को नामांकन के तीसरे दिन 7 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए है। अब तक कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से कुल 10 उम्मीदवार ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। जिला निर्वाचन अधिकारी शांतनु शर्मा ने कहा कि बुधवार को इंडियन नेशनल लोकदल के उम्मीदवार अभय सिंह व उनकी पत्नी कांता सिंह, सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया के ओम प्रकाश, राष्ट्रीय जनशक्ति पार्टी (एकलव्य) से सतबीर, शिरोमणि अकाली दल अमृतसर से खजान सिंह, समता पार्टी से नरेश कुमार, आजाद उम्मीदवार अभिषेक ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। इंडियन नेशनल लोकदल के उम्मीदवार अभय सिंह ने अपने आवेदन में अपनी कुल आय 2022-23 वित्तीय वर्ष में 1 करोड़ 63 लाख, 83 हजार 298 रुपए दशाई है और उनके पास 7 लाख 23 हजार 475 रुपए और उनकी पत्नी कांता सिंह के पास 6 लाख 15 हजार रुपए नगद राशि है तथा कुल चल सम्पति 32 करोड़ 61 लाख 57 हजार 503 रुपए और अचल संपति 16 करोड़ 98 लाख 62 हजार 996 रुपए दशाई है। उन्होंने कहा कि इंडियन नेशनल लोकदल के प्रत्याशी के कवरिंग के तौर पर कांता सिंह ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। उन्होंने अपने आवेदन में अपनी कुल आय 2022-23 वित्तीय वर्ष में 8 लाख, 75 हजार 20 रुपए दशाई है और उनके पास 6 लाख 15 हजार रुपए नगद राशि है तथा कुल चल सम्पति 4 करोड़ 38 लाख 81 हजार 829 रुपए और अचल संपति 11 करोड़ 25 लाख 42 हजार 500 रुपए दशाई है। इनेलो की कवरिंग उम्मीदवार कांता सिंह ने अपने नामांकन पत्र में अपनी शैक्षणिक योग्यता हरियाणा भिवानी बोर्ड से दसवीं कक्षा पास दशाई है। सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया के ओम प्रकाश ने अपने आवेदन में अपनी कुल आय 2022-23 वित्तीय वर्ष में 4 लाख 91 हजार 460 रुपए दर्शाई है और उनके पास 60 हजार रुपए और उनकी पत्नी सुमन के पास 15 हजार रुपए नगद राशि है।



कुरुक्षेत्र। नामांकन दाखिल करते इनेलो उम्मीदवार अभय चौटाला व साथ में मौजूद शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल, मराठा वीरेंद्र वर्मा।

# डॉ. सुशील गुप्ता ने दिया नामांकन का न्योता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने बुधवार को शाहाबाद विधानसभा के गांवों में लोगों से जनसंपर्क किया और जनसभा की। उनके साथ पूर्व एमएलए अनिल धनतौड़ी, कंवरपाल सिंह, चमनलाल डींग, समय सिंह, हरबंस लाल, सिकंदर बाजवा, आशा पठानिया, मान सिंह, पवन कुमार, सुखविंदर बैंस, रमेश सैनी, रामचंद्र, हाकम सिंह, राम सिंह, फकीर चंद, प्रदीप कुमार और सोहनलाल मौजूद रहे। उन्होंने हल्के के लोगों को नामांकन रैली का भी निमंत्रण दिया। डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि कुरूक्षेत्र में नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। मैं इंडिया गठबंधन की तरफ से कुरुक्षेत्र लोकसभा से गुरुवार को अपना नामांकन दाखिल करूंगा। इस दौरान आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहेंगे। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान, आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद एनडी गुप्ता, पंजाब के वित्त मंत्री सरदार हरपाल सिंह चीमा आदि मौजूद रहे।


# नृत्य प्रस्तुति के द्वारा बताया श्रमिकों का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

अल्पाइन पब्लिक स्कूल बराड़ा रोड शाहाबाद मारकंडा में प्रातः कालीन सभा में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य में श्रमिकों का महत्व बताते विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने श्रमिकों के जीवन को नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया। विद्यालय की शिक्षिका प्रिया ने मंच संचालन करते हुए अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस की विश्व में शुरूआत और इसके महत्व के बारे में बताया और उन्होंने यह भी बताया कि हमारे देश में इस दिवस को मनाने की शुरूआत चेन्नई में हुई। कक्षा 12वीं की छात्रा सृष्टि ने भी अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यालय की वाइस प्रिंसिपल आरती अरोड़ा ने सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि चाहे मनुष्य के पास धन, जमीन, मशीन सब हो लेकिन श्रमिकों के बिना कोई भी इमारत खड़ी नहीं होती। श्रमिकों की मेहनत से ही बड़ी से बड़ी मंजिलों को खड़ा किया गया है। अतः श्रमिकों का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रिंसिपल दीपक सिंघल ने भी अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर श्रमिकों को बधाई देते हुए उनके जीवन में मेहनत और लगन से प्रेरणा लेने के लिए कहा।



शाहबाद। नृत्य की प्रस्तुति देते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि




### अनुपम शिक्षा निकेतन का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

**कुरुक्षेत्र।** पटेल नगर स्थित अनुपम शिक्षा समिति के द्वारा संचालित अनुपम शिक्षा निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल की कक्षा 10+2 का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। छात्रा शीतल ने 84% अंक प्राप्त किए व आर्ट्स की निशु ने 80% मार्क्स प्राप्त किए । लोक प्रशासन विषय में शीतल ने 94 मार्क्स और निशु 96 मार्क्स प्राप्त किए और वही आर्ट्स में अभय ने 79% और हेमंत ने 70% मार्क्स प्राप्त किए। योगिता शर्मा ने 76% मार्क्स व गृह विज्ञान विषय में 91 मार्क्स प्राप्त किए। विद्यालय प्राचार्य ऊर्णिमा शर्मा ने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर मेधावी छात्रों को मिठाई खिलाते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभ कामना दी। इस अवसर पर छात्रों ने सभी अध्यापकों को बधाई व धन्यवाद किया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक आशुतोष, नीना कमरा, नीलम रानी, स्मृति, आंचल, पायल शर्मा व वीरेंद्र प्रभाकर आदि मौजूद रहे।



कुरुक्षेत्र। जयभगवान शर्मा डीडी का स्वागत करते गोशाला के पदाधिकारी।

### जय भगवान शर्मा डीडी ने जन्मदिन पर महादेव गौशाला के आधुनिक बाड़े का किया लोकार्पण

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र बाहरी मोहल्ले स्थित श्री महादेव गौशाला समिति पिछले 10 वर्षों से गौ सेवा को समर्पित संस्था निरंतर महादेव गौशाला बाहरी मोहल्ला को आधुनिक बनाने के लिए प्रयासरत है। उसी कड़ी में धर्मवीर मिजार्पुर अध्यक्ष पशु कल्याण बोर्ड के सहयोग से पांच लाख रुपये अनुदान के रूप में प्राप्त हुये जिससे 5000 स्क्वायर फीट का आधुनिक बाड़े के निर्माण की आधारशिला पिछले दिनों रखी गई। बुधवार को इस बाड़े का लोकार्पण प्रसिद्ध समाजसेवी दानवीर जय भगवान शर्मा डीडी ने अपने कर कमलो से किया। डीडी शर्मा जब से महादेव गौशाला बनी है तभी से निरंतर सहयोग करते आ रहे हैं। महादेव गौशाला के अध्यक्ष इंजीनियर सीपी गुप्ता ने बताया कि बरसात के दिनों में गौशाला में तीन-तीन फीट पानी भर जाता था जिससे गौ माता को बहुत कष्ट होता था। इस अवसर पर सुरेंद्र गोयल, सतीश शर्मा, चंद्र प्रकाश चुघ, जसविंदर कौशिक मौजूद रहे।

### अभय चौटाला ने जनसभा को किया संबोधित

**कुरुक्षेत्र।** इनेलो के प्रधान महासचिव व कुरुक्षेत्र लोकसभा प्रत्याशी अभय सिंह चौटाला नामांकन दाखिल करने के बाद थीम पार्क में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। अभय चौटाला ने कहा कि उनके खिलाफ एक बड़ी बात फैलाई जा रही है कि अभय चौटाला चुनाव जीतने के बाद भाजपा के साथ चला जाएगा। अभय ने जनसभा में कहा कि अभय चौटाला कभी भी भाजपा के साथ नही जाएगा और न ही कभी कांग्रेस के साथ जाएगा। विपक्षी पार्टियां वोट लेने के लिए भ्रम पैदा करने का काम कर रही है। अभय ने कहा कि वे कुरुक्षेत्र लोकसभा की जनता के हकों की लड़ाई लड़ने का कार्य करेंगे। अभय चौटाला ने कहा कि चुनाव लड़ने के लिए भाजपा के पास अपने कैंडिडेट नही है।

## बास्केटबाल खिलाड़ी अनिकेत के गोल्ड मेडल जीतने पर दी बधाई

# नेशनल चैम्पियनशिप में अनिकेत ने जीता गोल्ड

- गुरुग्राम के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में हुई 67वीं स्कूल नेशनल गेम्स में हासिल की उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गुरुग्राम के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में हुई 67वीं स्कूल नेशनल गेम्स में गुरुकुल कुरुक्षेत्र के बास्केटबाल खिलाडी अनिकेत ने गोल्ड मेडल जीतकर गुरुकुल के साथ-साथ अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। अनिकेत की इस बड़ी उपलब्धि पर गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने भी फोन पर अनिकेत को उज्ज्वल भविष्य का अशीर्वाद व गुरुकुल परिवार को बधाई दी है। गोल्ड मेडल जीतकर गुरुकुल में पहुंचे अनिकेत का निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार, प्राचार्य सूबे प्रताप, व्यवस्थापक रामनिवास आर्य ने जोरदार स्वागत किया और अनिकेत व बास्केटबॉल कोच अरुण कुमार को विशेष बधाई दी। इस अवसर पर मुख्य संरक्षक संजीव आर्य, डीपीई देवीदयाल भी मौजूद रहे। निदेशक प्रवीण कुमार ने बताया कि हरियाणा शिक्षा विभाग एवं स्कूल गेम्स फेडरेशन इंडिया द्वारा 27 से 30 अप्रैल 2024 तक गुरुग्राम के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में 67वीं स्कूल नेशनल गेम्स का आयोजन किया गया जिसमें देशभर से लगभग 35 टीमों ने भाग लिया। इन गेम्स में बॉस्केटबाल में गुरुकुल कुरुक्षेत्र के छात्र अनिकेत ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया जो गुरुकुल के साथ-साथ हरियाणा के लिए गर्व की बात है। बता दें कि अनिकेत पहले सितम्बर 2023 में हुई जिला स्तरीय प्रतियोगिता में उम्दा प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय टीम में अपना स्थान बनाया, उसके बाद भिवानी में हुई राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी अपने उम्दा प्रदर्शन को कायम रखते हुए नेशनल के लिए क्वालिफाई किया। अब नेशनल गेम्स में गोल्ड मिलने पर जहां अनिकेत के परिजनों में खुशी है वहीं गुरुकुल में भी जश्न का माहौल है। निदेशक प्रवीण कुमार ने बताया कि गुरुकुल में छात्रों को एक ऐसा वातावरण उपलब्ध कराया जाता है जिसमें बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ अपनी खेल प्रतिभा को भी पूरा निखार दे पाएं, यही कारण है कि गुरुकुल के ये होनहार छात्र जहां एकेडमिक्स में नये कीर्तिमान स्थापित करते हैं, वहीं खेलों में भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं। उन्हें पुनः गोल्ड मेडल हेतु अनिकेत और कोच अरुण कुमार को बधाई दी।



कुरुक्षेत्र। अनिकेत को बधाई देते निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार व अन्य।

# न्यू सरस्वती स्कूल की साक्षी ने किया जिले में टॉप, 493 अंक हासिल कर प्रदेश के टॉप टेन छात्रों में हुई शामिल

- सलोनी ने 488/500 (97 .6 प्रतिशत) अंकों के साथ जिला में दूसरे स्थान पर रही

हरिभूमि न्यूज. अंबाला

न्यू सरस्वती सीनियर सैकेंडरी स्कूल नगला राजपूतान का 12वीं कक्षा का परिणाम पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी शत-प्रतिशत रहा। स्कूल के प्रधानाचार्य कर्म सिंह के अनुसार कला संकाय में साक्षी शर्मा ने 493/500 (98.6 प्रतिशत) अंकों के साथ पूरे प्रदेश में टॉप-10 में व जिला अंबाला में प्रथम स्थान लेकर अपने स्कूल, अध्यापकों व क्षेत्र का नाम रोशन किया। सलोनी ने 488/500 (97.6 प्रतिशत) अंकों के साथ जिला में दूसरे स्थान पर रही। इसके साथ शिखा 485/500(97 प्रतिशत ) अंकों के साथ जिला में तीसरे स्थान पर रही। गगनदीप ने 96.2 प्रतिशत , नैंसी ने 95.6 प्रतिशत, जिया ने 95.4 प्रतिशत, अंशिका ने 95.2 प्रतिशत , मनप्रीत ने 94.8 प्रतिशत, पलक ने 94.6 प्रतिशत, आयुष शर्मा ने 94.2 प्रतिशत, निशा रानी ने 92.8 प्रतिशत, हिना ने 91.2 प्रतिशत, प्रिया ने 90.8 प्रतिशत, साक्षी ने 90.8 प्रतिशत, सिमरन ने 90.4 प्रतिशत, अभिषेक ने 90.2 प्रतिशत, आंचल चैधरी ने 90 प्रतिशत अंको के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की। कॉमर्स संकाय में सानिया ने 480/500 (96 प्रतिशत ) अंकों के साथ जिला अंबाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। शगुन ने 476/500 (95.2/) अंक लेकर जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसके साथ पूर्वा 475/500 (95 प्रतिशत) अंकों के साथ जिले में तीसरे स्थान पर रही ।


अंबाला। साक्षी व सानिया व मेरिट में स्थान पाने वाले विद्यार्थी।

इसके साथ ही खुशी ने 94.4 प्रतिशत, काजल ने 94 प्रतिशत , मुस्कान ने 93.4 प्रतिशत , पलक ने 93.2 प्रतिशत, आरजू ने 92.4 प्रतिशत, भारती ने 92.2 प्रतिशत , अभिषेक कुमार ने 92 प्रतिशत, रिया ने 91.6 प्रतिशत, वैशाली ने 91.4 प्रतिशत, सिमरन ने 90.6 प्रतिशत, नैंसी ने 90.6 प्रतिशत, व मुस्कान कौशल ने 90 प्रतिशत, सानिया ने 89 प्रतिशत, वंश ने 88.2 प्रतिशत, आर्यन ने 87.6 प्रतिशत व तरुण ने 84.6 प्रतिशत अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की। स्कूल के प्रधानाचार्य कर्म सिंह के अनुसार साक्षी शर्मा ने गणित में 100, हिंदी में 100, फिजिकल एजुकेशन 100 और सलोनी ने पंजाबी में 100, हिंदी में 99 ,राजनीति विज्ञान में 98, व शिखा ने हिंदी में 99 ,फिजिकल में 99, इंग्लिश में 97 व सानिया ने गणित में 100 ,हिंदी में 99 , अकाउंट में 97, पूर्वा ने अर्थशास्त्र मे 100, बिजनेस स्टडी मे 97, नैंसी ने फिजिकल मे 100, हिंदी मे 97 , अंशिका ने फिजिकल मे 100, गणित मे 97 व पलक ने फिजिकल मे 100, इतिहास मे 97 व गगनदीप ने फिजिकल मे 99 व हिना ने पंजाबी मे 99 और काजल ने हिंदी मे 98, अर्थशास्त्र मे 98 ,अकाउंट मे 98 ,मनप्रीत ने पंजाबी मे 99 ,वैशाली ने हिंदी मे 99 व अभिषेक ने गणित मे 99 , आयुष शर्मा ने राजनीतिक विज्ञान मे 98 अंक लेकर पूरे क्षेत्र में अपना परचम लहराया । स्कूल से 12वीं कक्षा के 52 बच्चे बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए। जिनमें से 10 बच्चों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक लिए व 22 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक व 10 बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। इस प्रकार से कुल 52 बच्चों में से 42 बच्चों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया।

## खबर संक्षेप

### किशोरी के अपहरण का अज्ञाप पर केस दर्ज

**कैथल।** किशोरी के अपहरण के आरोप में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। सदर थाना के तहत आने वाले एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को शिकायत दी कि 29 अप्रैल को सुबह के समय अज्ञात आरोपी उसकी 15 वर्षीय पोती का अपहरण कर ले गया। जांच अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मकान का टूटा ताला जेवरात व नकदी चोरी

**जींद।** श्याम नगर में बीती रात चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर सोने चांदी के जेवरात, नगदी समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया। श्याम नगर निवासी अनीता ने बताया कि बीती रात चोरों ने उसके मकान के कमरे का ताला तोड़ कर चांदी की अंगूठी, चुटकी, पाजेब, 12 हजार रुपये की नगदी व अन्य सामान को चोरी कर लिया। घटना के दौरान वह दूसरे कमरे में सोई हुई थी।

### दलित साहित्य अकादमी ने मनाया स्थापना दिवस

**जींद।** भारतीय दलित साहित्य हरियाणा यूनिट ने बुधवार को अकादमी का स्थापना दिवस मनाया। जनरल सेक्रेटरी सूरजभान पातलान ने कहा कि शेष सदस्यों की नियुक्ति करके यूनिट को पूरा करें। पातलान ने जींद के काफी शिक्षाविद, कवि व साहित्यकारों से संपर्क कर अकादमी से जोड़ने के प्रयास जारी कर दिए हैं। कुछ ही दिनों में दलित समाज के लेखक, कवि व साहित्यकारों का सम्मेलन बुलाए जाने की योजना है।

### चोरों ने लाखों रुपये की पंचायती लाइट चुराई

**कैथल।** गांव माजरी के सरपंच सतनाम सिंह ने शिकायत दी कि उसने गांव में करीब 400 स्ट्रीट लाइटें लगवाई थी और 25/26 रोड सेफ्टी शीशे लगवाए थे। 20 सीसीटीवी कैमरे गांव की सुविधा के लिए लगवाए थे। उसने 29 अप्रैल को चैक किया तो पाया कि गांव में लगी हुई करीब 80/85 लाइटें नहीं मिली।

### गैस सिलैंडर चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** सरकारी स्कूल गगड़पुर से 2 गैस सिलैंडर चोरी के मामले की जांच चौकी हरनौली पुलिस के एचसी सुनील कुमार की टीम द्वारा आरोपी गगड़पुर निवासी अंग्रेज राम व बलजिंद्र को गिरफ्तार कर लिया गया। सरकारी स्कूल गगड़पुर के प्रिंसीपल की शिकायत अनुसार 24 फरवरी की रात स्कूल की मैस से अज्ञात व्यक्ति 2 गैस सिलैंडर चुरा ले गए।

### बाइक सर्विस करवा रहे युवक व मिस्त्री पर हमला

**जींद।** गांव निर्जन निवासी अजय ने बताया कि वह अपने दोस्त के साथ सफीदों रोड पर बाइक की सर्विस कराने गया हुआ था। उसी दौरान गांव सुंदरपुरा निवासी मोहित अपने दोस्तों के साथ दो बाइकों पर पहुंचा ओर मिस्त्री नवीन पर हमला कर दिया। जब उसने मिस्त्री को बचाने की कोशिश की तो मोहित ने उस पर चाकू से दो वार किए। आरोपितों ने उसकी दुकान में भी तोड़फोड़ की। लोगों की भीड़ इकट्ठा होता देख आरोपित धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने अजय कर शिकायत पर मोहित को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ हमला करने समेत विभिन्न धाराओ के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## मजदूर दिवस पर मजदूरों के हक की लड़ाई लड़ने वालों को किया नमन

# कोरोना काल में सरकार ने बना दी मजदूरों की फुटबाल

भूखे प्यासे हजारों किलोमीटर का सफर पैदल तय किया था बिहार, उत्तरप्रदेश व अन्य प्रवासी मजदूरों ने

- मजदूर दिवस नहीं बल्कि मजबूर दिवस मनाना चाहिए : ओंकार

हरिभूमि न्यूज. अंबाला

एक मई मजदूर दिवस पर मजदूरों के हकों की लड़ाई के लिए शहीद हुए अनगिनत ओर बेनाम शहीदों को नमन करते हुए श्रमिको को शुभकामनाएं देते हुए इनेलो प्रदेश प्रवक्ता ओंकार सिंह ने कहा कि आज़ादी के 75 वर्ष बाद भी मजदूरों की हालत देश मे चिंताजनक बनी हुई है। कोरोनाकाल में तो सरकार ने आसामयिक निर्णय के कारण मजदूरों की फुटबाल बन गई थी। भूखे प्यासे हजारों किलोमीटर का सफर पैदल तय किया था बिहार, उत्तरप्रदेश व अन्य प्रवासी मजदूरों ने।

आजादी का अमृत महोत्स्व तो सरकार मना रही है लेकिन सही मायने में मजदूर दिवस नहीं बल्कि मजबूर दिवस मनाना चाहिए क्योंकि अब भी भारतीय मजदूर स्वेच्छा की बजाए पापी पेट व परिवार पालने के लिए मजबूरी में बंधुआ हालातों में दिहाड़ी कर रहा है। इन 75 वर्षों में कई सरकारें आई कई गई लेकिन मजदूरों का ख्याल अगर आया तो सिर्फ चुनाव के समय ही आया। अपनी जरूरत अनुसार मजदूरों की प्रयोग करके नेताओं ने इनकी हालात सुधारने की कोई कोशिश नहीं की। मजदूर बेचारा अनपढ़-गवार होने के कारण समझते हुए भी पिसता ही गया। मौके की सरकारों ने कभी इनकी स्थिति को सुधारने का प्रयास नहीं किया। उन्होंने कहा कि पिछले 137 साल से अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया जाता है। 1877 में मजदूरों ने काम के घंटे तय करने की मांग को लेकर आंदोलन शुरू किया। एक मई 1886 को पूरे अमेरिका के लाखों मजदूरों ने एक साथ हड़ताल शुरू की। इस हड़ताल में 11,000 फैक्टरियों के कम से कम 3,80,000 मजदूर शामिल हुए जिनमें से अनेक मजदूरों की कुर्बानी के पश्चात विजय प्राप्त की। इस तरह पहली मई को मजदूर दिवस के रूप में मनाने की शुरूआत हुई। मजदूरों की हालत कई विकसित देशों को छोड़कर अधिकतर अविकसित व विकासशील देशों में आज भी ठीक नही है। भारत जैसे विकासशील देश मे मजदूरों की हालत तभी सुधर सकती है जब हमारे सत्तापक्ष व विपक्ष के नेता अपनी नीति व नीयत से समस्या का हल निकालने की कोशिश करेंगे।


अंबाला। मजदूरों को संबोधित करते हुए इनेलो प्रवक्ता ओंकार सिंह।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर अर्जुन यादव, छोटे लाल मिश्रा, संतोष शाह, सुनील गुप्ता, ज्ञान शाह, दमन प्रीत सिंह, राम धन यादव, तरणप्रीत सिंह, प्राण नाथ वैद, रमेश यादव, विनोद छबड़ा, राज कुमार मिश्रा सहित समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# क्रिकेट में भगत हाउस ने जमाया कब्जा

- फाइनल में सरस्वती हाउस को किया पराजित

हरिभूमि न्यूज. बराड़ा

संत मोहन सिंह पब्लिक स्कूल परिसर में बुधवार को एक इंटर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इसमें स्कूलों के चारों हाउस भगत , नेहरु , सरस्वती व टैगोर हाउस के बीच हुआ। इसमें पहले मैच भगत हाउस एवं टैगोर हाउस के बीच मे हुआ। दूसरा मैच सरस्वती हाउस एवं नेहरु हाउस के बीच मे हुआ। इसमें भगत हाउस एवं सरस्वती हाउस जीते। इसके बाद फाइनल मैच भगत हाउस एवं सरस्वती हाउस के बीच मे हुआ जिसमें फाइनल मैच भगत हाउस ने जीता और पहला स्थान प्राप्त किया सरस्वती हाउस दूसरे स्थान पर रहा। तीसरे और चौथे स्थान के लिए नेहरु हाउस एवं टैगोर हाउस मे मैच हुआ। जिसने नेहरु हाउस तीसरे स्थान पर एवं टैगोर हाउस चौथे स्थान पर रहा। स्कूल प्राचार्या वरिंदर कौर एवं वाइस प्रिंसिपल हरविंदर सिंह ने सभी हाउस मास्टर्स एवं हाउस टीम्स को बधाई देते हुए कहा की स्कूल मे स्पोर्ट्स विभाग समय समय पर प्रतियोगिताएं करवाता रहता है जिससे बच्चों मे खेलभावना एवं भाईचारे कि भावना बनी रहती है।



### लोस चुनाव में प्रचार को लेकर अब तक 35 अनुमति जारी

**अंबाला।** लोकसभा आम चुनाव के तहत लगाए गए जिला राजस्व अधिकारी एवं परमिशन सैल के नोडल अधिकारी योगेश कुमार ने बताया कि आदर्श आचार संहिता की अनुपालना में विभिन्न राजनैतिक दलों द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के लिए विभिन्न प्रकार की अनुमति के लिए आवेदन किए जा रहे हैं। निर्वाचन क्षेत्र1-अंबाला (आरक्षित) द्वारा अभी तक 30 अप्रैल तक कुल 36 अनुमति प्रदान की गई है। जिसमें निर्वाचन अधिकारी लोकसभा क्षेत्र स्तर पर 1 प्रत्याशी के लिए एक वाहन संपूर्ण लोकसभा क्षेत्र के लिए व सहायक निर्वाचन अधिकारी स्तर पर कुल 35 अनुमति प्रदान की गई हैं जिसमें लाउडस्पीकर के साथ बैठक करने के लिए - 8, वाहन की अनुमति के लिए 1, लाउडस्पीकर के साथ जुलूस निकालने के लिए 3, बिना लाउडस्पीकर के बैठक करने की अनुमति हेतू 4, मोटर बाइक रैली की अनुमति के लिए 1, पोस्टर होर्डिंग्स, यूनिपोल के प्रदर्शन हेतू 5 व जनसभा करने की अनुमति हेतू 13 चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित मापदंडों को पूरा करने उपरांत प्रदान की गई है।


शहजादपुर। प्रिंसिपल प्रोमिला बिंदल छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए।

### कला संकाय में मनदीप कौर ने किया शानदार प्रदर्शन, 86.8 फीसदी अंक लेकर मारी बाजी

शहजादपुर

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बड़ी बस्सी की बारहवीं कक्षा का बोर्ड परीक्षा परिणाम सौ प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्या प्रोमिला बिंदल ने बताया कि विद्यालय की कला संकाय की छात्रा मनदीप कौर ने 86.8 प्रतिशत तथा वाणिज्य संकाय की छात्रा रीना देवी ने 86.4 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कुल 65 विद्यार्थियों में से 5 विद्यार्थियों ने मेरिट में तथा 50 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उतीर्ण की है। प्रधानाचार्या ने विद्यार्थियों व स्कूल स्टाफ को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## 1.45 करोड़ की संपत्ति की मालिक है बंतो कटारिया

- दिवंगत सांसद के नाम पर भी सात करोड़ की प्रॉपर्टी
- तीन उम्मीदवारों ने दाखिल किया नामांकन पत्र, जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से दिए गए जरुरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज. अंबाला

अंबाला लोकसभा सीट के लिए बुधवार को तीन प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इनमें भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया के अलावा निर्दलीय प्रत्याशी मोहर सिंह व पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेसी) से गुलाब सिंह नरवाल शामिल हैं। तीनों प्रत्याशियों ने सभी प्रक्रियाओं को पूरा करते हुए संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ भी ली। भाजपा प्रत्याशी बंतो देवी कटारिया की ओर से बतौर प्रत्याशी दाखिल नामांकन पत्र में अपनी चल और अचल संपत्ति का विस्तार से ब्यौरा दिया। कटारिया के मुताबिक वर्ष 2022-23 की उनकी ओर से 4 लाख 84 हजार 890 की आईटीआर दाखिल की गई जबकि वर्ष 2021-22 की 12 लाख 56 हजार 643 रूपए आईटीआर दाखिल की गई थी। उनकी स्वंय की चल संपति 1,45,55,621 है जबकि उनके स्वर्गीय पति रतनलाल कटारिया की 21,90,573 चल संपत्ति है। उनके स्वंय के पास प्रोपर्टी अचल संपत्ति की कीमत 25,00,000/- तथा उनके स्वर्गीय पति रतनलाल कटारिया के के नाम पर 7 करोड़ की अचल संपत्ति है। बंतो देवी ने नामांकन पत्र में खुद की शैक्षिक योग्यता एमए एलएलबी बताई है।


अंबाला। नामांकन दाखिल करते प्रत्याशी।

### रिटायर्ड स्टेशन मास्टर भी प्रत्याशी

निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर अंबाला छावनी के निशांत बाग के रहने वाले 65 वर्षीय मोहर सिंह ने भी बुधवार को नामांकन पत्र दाखिल किया । वह रेलवे विभाग से सेवानिवृत स्टेशन मास्टर हैं। उन्होंने अपनी शैक्षणिक योग्यता बी.कॉम दर्शाई है। इसी तरह पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रसी) के गुलाब सिंह नरवाल कुरूक्षेत्र सैक्टर 3 के रहने वाले हैं। वे पेशे से वकील हैं।

# भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया ने दाखिल किया नामांकन

- सीएम नायब सैनी ने कांग्रेस पर साधा निशाना, कहा पर्ची खर्ची से चलती थी सरकार, पूर्व मंत्री विज ने अपनी पार्टी के नेताओं पर साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज. अंबाला

अंबाला लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया ने बुधवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस मौके पर बंतो के साथ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, परिवहन राज्य मंत्री असीम गोयल, शिक्षा मंत्री कंवर पाल गुर्जर समेत भारी संख्या में कार्यकर्ता पहुंचे थे। इससे पहले अंबाला छावनी के गांधी मैदान में रैली का आयोजन किया गया। रैली के बाद बंतो कटारिया बड़े काफिले के साथ नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए रवाना हुई।


अंबाला। भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया नामांकन पत्र दाखिल करते हुए,

### दस सीटों पर होगी जीत

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि तीसरी बार भी केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकारी बनने जा रही है। प्रदेश की सभी 10 सीटों पर भाजपा उम्मीदवार जीत का परचम लहराएंगे। उन्होंने कहा कि पिछले पिछले 10 सालों में भाजपा ने देश का रिकॉर्ड विकास किया है। प्रदेश का एक भी जिला ऐसा नहीं है, जहां एक्सप्रेस-वे तक न पहुंचा हो। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि देश में तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनेगी। भाजपा देश में 400 के लक्ष्य को लेकर चली है और उसको पार करने का काम किया जाएगा। शेखावत ने कहा कि जिस सरकार ने 55 साल सत्ता में रहते हुए भी एक भी गारंटी पूरी नहीं की। 62 फीसदी लोगों को सामान्य शौचालय नहीं दे पाई। देश में बिजली और गैस कनेक्शन तक उपलब्ध नहीं करवा पाए, उनकी गारंटी को देश की जनता मानने को तैयार नहीं है।

### पूर्व सांसद की पत्नी हैं बंतो

भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया का जन्म करनाल के घरौंडा में हुआ था। इनके पति एवं दिवंगत सांसद रतनलाल कटारिया शुरू से ही जनसंघ से जुड़े थे। शादी के समय बंतो केवल मैट्रिक पास थी। शादी के बाद बंतो ने बीए, एमए व एलएलबी की पढ़ाई की। 1980 से भाजपा की सदस्य बनी बंतो पार्टी में मंडल अध्यक्ष से लेकर प्रदेश उपाध्यक्ष तक की जिम्मेदारी संभाल चुकी हैं। वे गेल की स्वतंत्र डायरेक्टर भी रह चुकी हैं।

## रेलवे की महिला कर्मचारी से 18.40 लाख की ठगी

- केस में संदिग्ध बताकर लगाया चूना
- पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की, शादी के लिए जमा कर रखी थी रकम

हरिभूमि न्यूज .अंबाला

रेलवे की महिला कर्मचारी से ठगों ने 18.40 लाख रुपए ठग लिए। पीड़ति ने बताया कि उसके पिता ने यह रकम उसकी शादी के लिए बचाई हुई थी। यह उनकी मेहनत की कमाई थी। उत्तर प्रदेश के गांव सुरवार (गौंडा) की पूजा श्रीवास्तव अंबाला डिवीजन के डीआरएम ऑफिस में जॉब करती है। पूजा कैंट में सुभाष पार्क के पास ट्रिब्यून कॉलोनी में किराए पर रह रही हैं। पूजा ने बताया कि 23 जनवरी को दोपहर 02.42 बजे कॉल आई, जिसमें उसे कहा कि आपके आधार कार्ड से रजिस्टर्ड सभी सिम कार्ड बंद कर दिए जाएंगे। जानकारी के लिए ए दबाने को कहा। जब उसने ए दबाया तो उसका फोन कॉल सेंटर पर कनेक्ट हुआ। उसे बताया गया कि आपके खिलाफ मुंबई में केस दर्ज है। आपके आधार कार्ड पर एक और नंबर रजिस्टर्ड है। शातिर ठग ने उसकी कॉल कथित रूप से मुंबई पुलिस को ट्रांसफर की गई। उस कॉल पर उसे बताया गया कि वीडियो कॉल होगी। उसे कहा गया कि वीडियो रिकॉर्डिंग सुप्रीम कोर्ट जाएगी। उसने वीडियो कॉलिंग के लिए स्काइप डाउनलोड कर लिया। उसके पास वीडियो कॉल आई । वह बोला गया कि 40 से 45 मिनट लगेगी। कहा गया कि कोई तीसरा व्यक्ति नहीं होना चाहिए। आप अपने पीजी में अकेले जाएं। जब उसकी बात हुई तो उसे बताया किया कि नरेश गोयल केस में 200 संदिग्ध पाए गए हैं। उनमें आप भी संदिग्ध हैं। रेलवे कर्मचारी ने बताया कि उसके पास कथित रूप से मुंबई सीबीआई की वीडियो कॉल आई थी। शातिर ठगों ने उसके पास सुप्रीम कोर्ट का एक लिंक भेजा। उसे केस नंबर भी दिया। उसे बताया गया कि आप जांच में सहयोग करेंगी तो कार्रवाई अच्छे से हो जाएगी। पूजा ने बताया कि शातिर ठगों ने उससे एक स्क्रीनशॉट करके एक दस्तावेज पर साइन कराए। उस में लिखा हुआ था यह केस नेशनल सीक्रेट है। अगर इसके बारे में कुछ बताया कि 7 साल की सजा होगी। शातिर ठग ने उसे कहा कि नरेश गोयल के घर से एक क्रेडिट कार्ड मिला है, वो आपके आधार कार्ड से लिंक है।

### एमडीएसडी कॉलेज में छात्रों के लिए आयोजित किया गया शॉर्ट टर्म कोर्स

# किताबों से बढ़ता है ज्ञान, दिमाग भी रहता है सक्रिय

हरिभूमि न्यूज. अंबाला

एमडीएसडी कॉलेज के लाइब्रेरी विभाग द्वारा विद्यार्थियों के लिए एक शॉर्ट टर्म कोर्स का आयोजन किया गया। इस लघु अवधि पाठ्यक्रम में एनलिस्ट के अंतर्गत विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। नेशनल लाइब्रेरी एंड इंफॉरमेशन सर्विसेज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर पर स्कॉलरली कंटेंट एक मानव संसाधन विकास मंत्रालय की पहल है तथा देश के विभिन्न कॉलेजों में ई-संसाधनों का आईसीटी के माध्यम से विस्तार करती है। एनलिस्ट इंफ्लीवनेट केंद्र में स्थापित सर्वर के माध्यम से कॉलेज और अन्य लाभार्थी संस्थाओं के छात्रों, शोधकर्ताओं व शिक्षकों को ई-संसाधनों तक पहुंच प्रदान करता है। इंफ्लीवनेट केंद्र में तैनात सर्वर के माध्यम से अधिकृत उपयोगकर्ताओं के रूप में विधिवत प्रमाणित होने के बाद सीधे प्रकाशक वेबसाइट से उनके लिए आवश्यक लेख डाउनलोड कर सकते हैं। इस शॉर्ट टर्म कोर्स का आयोजन एमडीएसडी कॉलेज की लाइब्रेरीयन डॉक्टर कौशल चौहान के द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को एनलिस्ट के विभिन्न पहलुओं के बारे में समझाया। जैसे एनलिस्ट के मेंबर कैसे बने तथा उनका उपयोग कैसे करें, अपनी वांछित सूचना एवं एनलिस्ट में उपलब्ध डाटाबेसेस में से कैसे खोजे। उन्होंने एनलिस्ट में उपलब्ध इजर्नल्स जैसे अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिक्स, इंडियन जर्नल्स, जस्टर, रॉयल सोसायटी ऑफ केमिस्ट्री, एब्सको, कैंब्रिज यूनिवर्सिटी आदि के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया। इसके साथ ही उन्होंने एनलिस्ट में उपलब्ध ई-पुस्तक डेटाबेसेस जैसे कैंब्रिज बुक्स ऑनलाइन, लाइब्रेरी हिंदुस्तान बुक एजेंसी, स्प्रिंगर इबुक्स, सेज पब्लिकेशंस, टेलर फ्रांसिस बुक्स, मैकग्राहिल तथा वर्ल्ड ई-बुक लाइब्रेरी आदि के बारे में विस्तार पूर्वक समझते हुए पाठकों को उनके वांछित लेख की पहचान करना, खोजना तथा डाउनलोड करना एवं भविष्य में पढ़ने वाली जरूरत के लिए उन्हें कैसे संभाल के रखें आदि सिखाए। चौहान का मानना है कि पुस्तकालय कर्मचारियों को छात्रों को रुचि के अनुसार पाठ्य सामग्री ढूंढने में मदद करना महत्वपूर्ण है ताकि पुस्तकालय में उपलब्ध रुचिकर पठन सामग्री की ओर विधार्थियों का ध्यान आकर्षित किया जा सके। विद्यार्थियों के अंदर किताबों को पढ़ने की आदतें डाली जा सके।रोज किताबें पढ़ने से विद्यार्थियों का ज्ञान बढ़ता है।


अंबाला। शॉर्ट टर्म कोर्स करने वाले छात्र शिक्षकों के साथ।